men inspectors and Safety Committees at the mine level and the Tripartite Committees at the subsidiary company level where the workmen are represented.

(iv) Regular and repeated safety audits.

(v) Implementation of the recommendations of the Standing Committee, the CIL Safety Committees, the Tripartite Committees and the Safety Audits.

बी०सी०सी०एल० में संचयी जमा योजना आरंभ करना

1867. **श्री सरोज दुबे :** क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :–

(क) क्या भारत कोकिंग कोल लि० (बी०सी०सी०एल०) भारतीय यूनिट ट्रस्ट की भांति संचयी जमा योजना आरंभ करने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो इस योजना के अन्तर्गत कितनी धनराशि जुटाए जाने की संभावना है और इस धनराशि का उपयोग किस प्रकार किया जाएगा ?

कोयला मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री दिलीप राय : (क) भारत कोकिंग कोल लि० की यूनिट ट्रस्ट आफ इंडिया की तरह संचयी जमा स्कीम प्रारंभ करने की कोई योजना नहीं है।

(ख) प्रश्न के भाग (क) के उत्तर को दृष्टिगत करते हुए प्रश्न ही नहीं उठता है।

कोयला उत्पादन में आत्मनिर्भरता

1868. **श्रीमती सरोज दुबे** : क्या **क्या कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश कोयले के उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिभर नहीं है;

(ख) यदि हां, तो देश में कोयले की मांग और खपत सहित इसके वार्षिक उत्पादन संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या चालू वित्तीय वर्ष के दौरान कोयले की मांग और उपलब्धता के बीच अंतर बढ़ने की संभावना है;

(घ) यदि हां, तो यह अंतर किस सीमा तक बढ़ेगा ; और

(ङ) सरकार द्वारा कोयले के उत्पादन में वृद्धि करने हेतु क्या कदम उठाये गये हैं ?

कोयला मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री दिलीप राय) : (क) देश में अकोककर कोयले की मांग को पूरा करने के लिये कोयले का देशी उत्पादन पर्याप्त है तथापि कोककर कोयले की मांग और आपूर्ति के बीच अंतराल है ।

(ख) देश में 1997–98 के दौरान योजना आयोग द्वारा आकलित मांग और वार्षिक कोयला उत्पादन तथा 1997–98 में विभिन्न उपभोक्ताओं द्वारा किये गये कोयले की उठान का ब्यौरा नीचे दर्शाया गया है ।

(मि० टन में)

	(आंकड़े अनंतिम)
मांग	323 38 (6.80)
उत्पादन	295.93
विभिन्न उपभोक्ताओं द्वारा कोयले की उठान	294.64
(आयातित कोयले को छोड़ कर)	(3.59)

(कोष्ठ में दिये गये आंकड़े मिडलिंग्स को दर्शाते हैं)